वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्ल्यू/262/2025–26 अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध दिनांक : 14.10.2025

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 10 जून, 2025 को वित्तीय वर्ष 2025–26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समस्त वर्गो के छात्रों के लिए समय–सारणी जारी की गई है। समय–सारणी में दी गई तिथियों के अनुसार छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भर सकते हैं।

1–दिनांक 10 जुलाई, 2025 से दिनांक 15 नवम्बर, 2025 रजिस्ट्रेशन/आनलाइन आवेदन कर सकते है।

2–छात्रवृत्ति आवेदन फार्म पूरित करने वाले छात्र/छात्रा फार्म पूरित करने के 02 दिवस के अन्दर समस्त संलग्नको सहित अपने–अपने विभाग में फार्म जमा करेंगे।

3–सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने विभाग में प्राप्त छात्रवृत्ति आवेदन फार्म समस्त संलग्नकों सहित फार्म प्राप्ति के 02 दिवस के अन्दर विलम्बतम दिनांक 19 नवम्बर, 2025 तक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में जमा करेगें जिससे छात्रों के छात्रवृत्ति आवेदन फार्म को स्कालरशिप पोर्टल पर अग्रसारित किया जा सके।

14.10.2025

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–

1–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2–आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3–उपकुलसचिव छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।
4–विश्वविद्यालय वेबसाइट प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण